जिन्दगी का हर पल बस यूं ही..
भरी रहे खुशियां जीवन में बेशुमार,
आज का दिन है विशेष व महत्वपूर्ण
प्रेम और विश्वास की है वर्षगांठ यह

देना है साथ, थामें एक दूजे का हाथ,
राहें न हों सरल, तो सुगम है बनाना
उतार-चढ़ाव में हर पड़ाव दे एक सीख
रिश्ते निभाने का दस्तूर,है यही नियम

सच ही तो है, जोड़े है ईश्वरीय वरदान
यही है परिवारों की रजामंदी गठबंधन
संस्कारों और संस्कृति का नया मिलन
सहेजने संवारने का बीड़ा रहे जोड़े पर

बंधन में ही छुपी रिश्तों की खूबसूरती
हर रिश्ता अनमोल उपहार होता विशेष
कड़ियों में मोती पिरोये परिवार बनाए
सौभाग्य से हो प्राप्त,शुक्रिया अदा करें

याद करें भूली बिसरी यादों के लम्हे
निभाए दस्तूर कुछ यादें करें तरोताजा
ऐसा सरल नहीं था, न कम चुनौतियां
परिवारजनों में खुशियां हौसले बुलंद थे

दुविधाओं भरा, दिल दिमाग लड़ाई में
सस्नेह भावनाओं ने हासिल की फतह,
एक दूसरे पर विश्वास रखना हमेशा,
समय ही रहेगा बलवान इस सफर में।

सन्नी व मैत्री सातवीं शादी वर्षगांठ
पर ढेर सारी शुभकामनाएं.. आशीर्वाद

... मम्मी , पापा

30 जनवरी 2023